सराहनीय कार्य दिनाँक 02-06-2025 थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना मटसेना एवं एसओजी / सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा पुलिस अभिरक्षा से चकमा देकर भागने वाले 10 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त अफरोज को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अभियुक्त अफ़रोज की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।
- अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस बरामद।

अभियुक्त अफरोज पुत्र धन्तुसाय निवासी जनपद जालौन के विरुद्ध थाना शिकोहाबाद पर पोक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया था उपरोक्त अभियोग में अभियुक्त अफरोज जिला कारागार फिरोजाबाद में निरुद्ध था। दिनाँक 28-05-2025 को अभियुक्त अफरोज जिला करागार से पेशी हेतु मा0 न्यायालय लाया गया था। बाद पेशी हवालात लाते समय लॉकअप के बाहर से अभियुक्त अफरोज पुलिस अभिरक्षा से चकमा देकर भाग गया था जिसके सम्बन्ध में थाना मटसेना पर मु0अ0सं0 89/2025 धारा 261, 262 बीएनएस0 पंजीकृत किया गया था।

उक्त प्रकरण में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीमों द्वारा अभियुक्त की तलाश की जा रही थी इसी क्रम में थाना मटसेना एवं एसओजी / सर्विलांस पुलिस टीम को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0 89/25 में वांछित अभियुक्त अफरोज कहीं भागने की फिराक में बाईपास हाईवे स्थित सीएनजी पम्प से नगला श्रोती रोड़ को जाने वाले मार्ग पर खेतों में छिपा हुआ है।

सूचना के आधार पर थाना मटसेना एवं एसओजी / सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु घेराबंदी की गयी। खुद को घिरता हुआ देखकर अभियुक्त पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगा। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी जिससे वह घायल हो गया। घायल अभियुक्त की पहचान मु0अ0सं0 89/25 में वांछित अभियुक्त अफरोज पुत्र धन्तुसाय के रुप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस एवं 01 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-**

1. अफरोज पुत्र धन्तुसाय निवासी ऐर थाना डकोर, जनपद जालौन।

**बरामदगी का विवरण –**

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।
3. 01 खोखा कारतूस 315 बोर।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त अफरोज-**

1. मु0अ0सं0 274/2025 धारा 137(2), 87. 64(1) बीएनएस0, 3/4 पॉक्सो एक्ट एवं 3(2)5 एससी-एसटी एक्ट थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 089/2025 धारा 261, 262 बीएनएस0 थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. शिव कुमार चौहान प्रभारी निरीक्षक थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 अमित तोमर प्रभारी सर्विलांस/एसओजी जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 प्रशान्त माठा थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 अभय सिंह थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद।
5. हे0का0 123 जितेन्द्र सिह थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद।
6. हे0का0 380 हरवीर कुन्तल एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
7. हे0का0 736 सुशील कुमार एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
8. हे0का0 953 ललित शर्मा एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
9. हे0का0 550 गोपाल सिंह सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।
10. का0 118 रघुराज सिहं सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।
11. का0 887 उग्रसेन एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
12. का0 150 अरुण कुमार एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
13. का0 879 जय प्रकाश एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
14. का0 940 अमित उपाध्याय सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।
15. का0 723 कृष्णकुमार सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।